सरकूलर नं0: अपमा/2016–2018/252 दिनांक: 10 जनवरी, 2018

## अपमा प्रधान एवं समस्त कार्यकारिणी की तरफ से आप सभी को लोहड़ी एवं मकर सक्राति की हार्दिक शुभकामनाएं

# ''अपमा पिकनिक मेला, 2018 बहुत ही हर्षाल्लास एवं अत्यन्त सफलता के साथ सम्पन्न''

अपमा सदस्य व व्यापारी भाईयों, रविवार दिनांक 7 जनवरी, 2018 को 'अपमा' का पिकनिक मेला रोहिणी में स्थित 'जापानी पार्क' में बड़े ही हर्षोल्लास एवं अपार सफलता के साथ सम्पन्न हुआ। इस पिकनिक मेला में आपने अपने परिवार सहित जिस उमंग, हर्षोल्लास एवं सक्रियता के साथ सभी कार्यक्रमों में भाग लेकर हमारा उत्साहवर्द्धन किया, आप उसके लिए धन्यवाद एवं आदर के पात्र ही नहीं, अपितु हमारे लिए सम्माननीय भी हैं। अन्त तक आपका सभी कायक्रमों में सहभागिता एवं योगदान सराहनीय एवं प्रशंसनीय रहा, उसके लिए अपमा प्रधान एवं समस्त कार्यकारिणी, आयोजन उपसमिति के चेयरमैन श्री धीरज मलिक जी एवं उपसमिति आपका हृदय की गहराईयों से हार्दिक आभार व्यक्त करती है।

हम आभारी है अपने पूर्व प्रधान श्री चन्द्र ओबराय जी, महासचिव श्री विष्णु भार्गव जी एवं कोषाध्यक्ष विनय नारंग जी के जिन्होंने पिकनिक मंच का संचालन बहुत ही अच्छी प्रकार से किया, जिनकी हमारे व्यापारी भाईयों ने बहुत प्रंशसा की।

अपमा प्रधान श्री आर.के. गुप्ता जी के कुशल नेतृत्व में इस विशाल आयोजन की सफलता का श्रेय अपमा मनोरंजन उपसमिति के साथ अपमा कार्यकारिणी के प्रत्येक सदस्य को जाता है। इस आयोजन में प्रत्येक कार्यकारिणी सदस्य का सहयोग भरपूर रहा।

इतने बड़े कार्यक्रम में त्रुटियों का होना स्वाभाविक है, यदि जाने–अनजाने में हमसे या हमारे किसी साथी से अथवा किसी व्यवस्था से आपको असुविधा हुई हो, तो अपमा प्रधान एवं समस्त कार्यकारिणी और कार्यक्रम आयोजन समिति(मनोरंजन उपसमिति) उसके लिए क्षमाप्रार्थी है।

कृ0प0उ0..........2

श्री जितेन्द्र सिंह शान्टी जी (भूतपूर्व विधायक, शाहदरा एवं संस्थापक शहीद भगत सिंह सेवा दल), श्री रवि कप्तान जी (निगम पार्षद, चांदनी चौक), श्री श्याम लाल गर्ग जी (पूर्व विधायक, रोहिणी), श्री संजय जी (निगम पार्षद, विवेक विहार), श्री सुरेश बिन्दल जी(प्रधान, हिन्दुस्तान मर्केन्टाइल एसोसियेशन(रजि), श्री महेन्द्र गोयल जी (विधायक, रोहिणी), श्री ब्रिजेश गोयल जी (संयोजक, चैम्बर ऑफ टड एण्ड इण्डस्ट्री), भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के महासचिव एव हम व्यापारी समाचार पत्र के मुख्य संपादक श्री विजय प्रकाश जी एवं श्री हेमन्त गुप्ता जी), श्री सुनील जैन जी(प्रधान, जैन समाज), श्री अजय अग्रवाल जी(कोषाध्यक्ष, दिल्ली आयरन एवं हार्डवेयर मर्चेन्टस एसोसियेशन), जिन्हांने अपना कीमती समय हमें दिया एवं अपमा के निवर्तमान प्रधान श्री रामदास कुकरेजा जी के साथ पूर्व प्रधानों का भी आभार प्रकट करते हैं।

अन्त में हम आपके ठोस एवं सार्थक सुझावों की अपेक्षा रखते हुए आपका आभार व्यक्त करना चाहेंगे ताकि अपमा के आगामी कार्यक्रमों को और अधिक व्यवस्थित ढंग से आयोजित करने में सरलता हो सके।

एक बार पुनः अपमा प्रधान, समस्त कार्यकारिणी सदस्य एवं मनोंरजन उपसमिति के सदस्यों की तरफ से उन सभी दानदाताओं और कार्यकताओं के भी आभारी हैं, जिन्होंने इस मेले के आयोजन हेतु भरप्र योगदान दिया। हम भविष्य में भी इसी प्रकार के सहयोग की आशा करते रहेंगे।

---

**( आर.के. गुप्ता )**
**प्रधान**